तापमान
अधिकतम 12.2 डिग्री
न्यूनतम 10.2 डिग्री

हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, रविवार, 17 दिसंबर 2023
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

4 डकैती, लूट, दुर्घटना व फायरिंग से सहमा रायगढ़



हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना-2023
मास्टर कूपन 17 दिसम्बर 2023
कूपन नं. 8

## खबर संक्षेप

### शीतलहर के कारण विद्यालयों के समय में किया परिवर्तन

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने जिले में पड़ रही अत्यधिक ठंड एवं शीतलहर के कारण छात्रहित को ध्यान में रखते हुए 15 दिसंबर 2023 से 15 जनवरी 2024 तक के लिए जिले में संचालित होने वाले समस्त विद्यालयों के समय में परिवर्तन किया है। परिवर्तन समय अनुसार दो पाली में संचालित होने वाले शालाओं में प्रथम पाली में सोमवार से शनिवार प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक एवम द्वितीय पाली में अपराह्न 12:45 से 4:15 बजे तक संचालित होगी। इसी प्रकार एक पाली में संचालित होने वाले शालाएं सोमवार से शनिवार तक प्रातः 10:00 बजे से 3:30 बजे तक संचालित होगी।

### 20 को खोला जाएगा आमंत्रित निविदा

**जशपुरनगर।** आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा बीआरसी भवन मरम्मत कार्य, छात्रावास आश्रमों में बाऊण्ड्रीवॉल निर्माण कार्य, छात्रावास आश्रमों में बाऊण्ड्रीवॉल वायर फेसिंग के कार्य का निविदा एवं क्रीड़ा परिसर जशपुर में उन्नयन कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की गई है। जिसे 07 अक्टूबर 2023 से विधानसभा चुनाव आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण निर्धारित तिथि में निविदा नहीं खोली गई थी। आदिम जाति कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार समस्त प्राप्त निविदा का 20 दिसंबर 2023 को दोपहर 12:00 बजे कार्यालय में खोला जाएगा। जिसमें इच्छुक ठेकेदार निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित हो सकते है।

### पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा 31 तक

**जशपुरनगर।** राज्य शासन द्वारा साग-सब्जी की खेती करने वाले उद्यानिकी कृषकों को प्रतिकूल मौसम से होने वाली क्षति से बचाने के लिए मौसम आधारित फसल बीमा योजना लागू की गई है। इसके तहत रबी मौसम में पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर तक निर्धारित की गई है। सहायक संचालक उद्यान ने बताया कि इस वर्ष जिले के किसानों के फसल बीमा के लिए शासन द्वारा बजाज आलियांज जनरल इन्श्योरेंस कंपनी लिमिटेड से अनुबंध किया गया है। इन अधिसूचित फसलों पर कृषकों को प्रीमियम राशि ( प्रति हेक्टेयर) देय होगी।

### स्वागत में फूटे फटाके, जमकर की गई आतिशबाजी

# छत्तीसगढ़ में बहेगी विकास की गंगा: कौशिल्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय के रायपुर से सड़क मार्ग होते हुए गृह ग्राम बगिया पहुंचने पर ग्रामीणों ने नृत्य कर, फटाके फोड़कर, ढोल, नगाड़ों, फूल माला पहनाकर जमकर आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत किया। इस दौरान महिलाओं ने आरती उतार कर खुशियां बिखेरी। गांव पहुंचते ही मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय ने शिव मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की। उन्होंने भगवान से परिवार और प्रदेश की सुख समृद्धि के लिए भगवान से प्रार्थना की।

उन्होंने ग्रामीण बुजुर्ग महिला और कार्यकर्ताओं, बच्चों से मुलाकात कर उनका हाल जाना। और बुजुर्ग सासू मां से आशीर्वाद लेकर गले लगाया। इस दौरान महिलाओं ने बगिया चौक से गृह निवास स्थान तक कलश यात्रा निकाली। उन्होंने वहां पर ग्रामीणों से मुलाकात की और स्वागत सम्मान और प्रेम के लिए धन्यवाद आभार प्रकट किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के साथ पूरे छत्तीसगढ़ राज्य का विकास किया जाएगा और बगिया गांव की महक पूरे प्रदेश में महकेगी। उन्होंने कहा कि सरकार प्राथमिकता से सड़क सुविधा से वंचित गांवों में सड़क बनाने और शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र मे उत्कृष्ट कार्य करने और पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने का प्रयास करेगी। स्वागत कार्यक्रम के दौरान भारी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी की स्वागत करते ग्रामीण।

### मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी के बगिया गांव पहुंचने पर भव्य स्वागत

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पत्नी कौशल्या देवी साय मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होकर शुक्रवार को देर रात गृहग्राम बगिया पहुंची। जिले भर के बीजेपी कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों उनका भव्य स्वागत किया। कड़ाके की ठंड की परवाह ना करते हुए भारी संख्या में महिला एवं पुरुष एकत्र हुए थे। गांव में प्रवेश करते ही मैडम सीएम के स्वागत की होड़ लग गई और उन्हें फूल माला से लाद दिया। समूचा बगिया आधी रात के समय विष्णुदेव साय जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा। शानदार जबरदस्त स्वागत के लिए कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों का आभार जताते हुए कौशल्या देवी साय ने कहा कि विधानसभा में भाजपा की जीत, छत्तीसगढ़ की जनता और भाजपा कार्यकर्ताओं की जीत है। उन्होंने कहा विष्णुदेव साय के मुख्यमंत्री बनने से जशपुर सहित पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में विकास की गंगा बहेगी। इसकी शुरुआत केबिनेट की पहली बैठक में हो चुकी है, सरकार ने 18 लाख से अधिक गरीब परिवारों ⏭ शेष पेज 4 पर

## पत्थलगांव विधायक गोमती साय का प्रथम नगर आगमन आज

**पत्थलगांव।** विधानसभा का चुनाव जीतने के बाद नवनियुक्त विधायक गोमती साय का रविवार को नगर आगमन को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है जहां पूरे शहर को बैनर पोस्टर से पाट कर नवनियुक्त विधायक का स्वागत के लिए तैयारी की गई है। नवनियुक्त विधायक गोमती साय ने आठ बार के विधायक को करारी मात देने के बाद पहला नगर आगमन हो रहा है नगर आगमन पर पत्थलगांव के तीनों मार्ग जशपुर रोड, रायगढ़ रोड एवं अंबिकापुर रोड में विजय जुलूस भारी धूमधाम, बाजे गाजे के साथ किया जावेगा।



■ स्वागत के लिए शहर में लगे बैनर पोस्टर

## पारंपरिक शिल्पकारों व कारीगरों के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना

**जशपुरनगर।** भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के रूप में केंद्रीय योजना संचालित की जा रही है। 16 अगस्त 2023 को कैबिनेट में लिए गए फैसला अनुसार पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों के सहायता के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना चलाई जा रही है। योजना के तहत 13000 करोड़ रु के बजट का प्रावधान किया गया है। जिसमें 18 पारंपरिक व्यवसाय शामिल है। शिल्पकार और कारीगरों को प्रमाणपत्र और आईडीकार्ड के जरिए पहचान मिलेगी। पहले चरण में 1 लाख रुपए तक की और दूसरे चरण में 2 लाख रुपए तक की सहायता महज 5 प्रतिशत की ब्याज दर पर दिया जायगा।

## हेमलता बनीं सचिव संघ की ब्लॉक अध्यक्ष



**कांसाबेल।** जनपद पंचायत के सभाकक्ष में सचिव संघ की ब्लॉक इकाई का गठन किया गया। इसमें हेमलता सिंह रवानी को अध्यक्ष व गणेश प्रसाद यादव उपाध्यक्ष बने हैं। इसी तरह सचिव डिलेश्वर सिंह सिदार, कोषाध्यक्ष अलका खलखो, मीडिया प्रभारी गणेश्वर साय, सह-कोषाध्यक्ष रामकुमार साय बने हैं। रूपनारायण सिदार, रामसेवक यादव व बालमोहन भगत को सलाहकार बनाया गया है। संरक्षक के रूप में रमाकांत वैष्णव, अमर साय सिदार एवं सुदेश्वर साय पैंकरा चुने गए हैं। नव नियुक्त अध्यक्ष श्रीमती रवानी ने कहा कि वे संगठन के विकास और उसके हितों के लिए सबके सहयोग से काम करने प्रयासरत रहेंगे।

## चरईडॉड़-बगीचा में चल रहा सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर

**जशपुरनगर।** चरईडांड़-बगीचा में चल रहे डामरीकरण सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर है। विगत दिनों कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने निरीक्षण किया था और कार्य के गुणवत्ता की जायजा लेकर लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता, एसडीएओ, उप अभियंता, ठेकेदार को समय पर सड़क निर्माण के कार्य को पूर्ण करने के निर्देश थे। साथ ही सड़क निर्माण के कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के लिए कहा था। पीडब्ल्यूडी विभाग के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि चराईडॉड़ से बगीचा सड़क निर्माण का कार्य प्रगति पर है। चराईडांड़ से बगीचा तक डमरीकरण रोड़ निर्माण किया जा रहा है।



## छात्र-छात्राओं को शिष्यवृत्ति की राशि से दिए जा रहे गर्म कपड़े



**जशपुरनगर।** आदिवासी विकास विभाग जशपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार छात्रावास आश्रम संचालन नियम के तहत सभी अधीक्षक-अधीक्षिकाओं द्वारा शिष्यवृत्ति के 15 प्रतिशत राशि से छात्रावास-आश्रम में निवासरत छात्र-छात्राओं को गर्म कपड़े, साल, गर्म कम्बल तथा आवश्यकता अनुसार स्टेशनरी व अन्य वस्तुएं स्वेटर, टोपी, जूता एवं मोजा छात्र-छात्राओं दिया जा रहा है, शासन द्वारा चलायी गई योजना से छात्रावास आश्रम में निवासरत छात्र-छात्राओं को इस योजना का लाभ प्रदान किया जा रहा है। इसी प्रकार जिले में संचालित छात्रावास-आश्रम में निवासरत छात्र-छात्राओं को प्राथमिकता से स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है।

## गर्मी में पानी की किल्लत से बचने की कवायद में जुटा निगम अमला



**अम्बिकापुर।** गर्मी के मौसम में शहर में होने वाली जल संकट की समस्या से निपटने के लिए नगर निगम द्वारा अभी से ही कवायद शुरू कर दी गई है। बांकी डैम में जलभराव कम होने के कारण गर्मी में लोगों को पानी सप्लाई निरंतर रूप से उपलब्ध कराने को लेकर आज ननि महापौर डॉ. अजय तिर्की व ननि आयुक्त ने अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया।

इस दौरान मेयर ने जरूरत के हिसाब से बोर करने, किल्लत वाले क्षेत्रों में पानी सप्लाई के लिए वैकल्पिक रूप से व्यवस्था करने, घुनघुट्टा फिल्टर प्लांट की क्षमता 3 एमएलडी तक बढ़ाने को लेकर दिशा निर्देश दिए है। बता दें कि जिले के साथ ही क्षेत्र में विगत दो तीन वर्षों से वर्षा कम होने के कारण बांकी डैम में जलभराव नहीं हो पा रहा है। क्षमता से कम भराव के कारण गर्मी के मौसम में शहरवासियों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। बीचे वर्ष भी गर्मी के मौसम में लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। ऐसे में निगम सरकार अभी से ही सक्रिय हो गई है ताकि लोगों को पेयजल की समस्या से निजात दिलाई जा रहे। समस्या से निपटने के लिए आज ननि महापौर डॉ. अजय तिर्की, आयुक्त अभिषेक कुमार ने अधिकारी कर्मचारियों के साथ तकिया फिल्टर प्लांट, इंटेकवेल, पटपरिया पानी टंकी का निरीक्षण किया। इस दौरान मेयर ने कहा कि वर्षा कम होने के कारण बांकी जलाशय में जल भराव कम हुआ है और पानी का स्तर कम होने के कारण इस बार लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है इस लिए तकिया फिल्टर प्लांट से आने वाले पानी को ऐसे स्थानों पर वितरित करने की योजना बनाई गई जहां पानी की समस्या सर्वाधिक होती है। पानी की कमी को दूर करने के लिए मेयर ने अंडर ग्राउंड पानी से टंकियों को भरने, जरूरत पड़ने पर नियमानुसार बोर खनन किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

## छात्र असीम तिग्गा का सीआइएसएफ में चयन

**जशपुरनगर।** डीएमएफ मद अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा संचालित नवसंकल्प शिक्षण संस्थान के छात्र असीम तिग्गा का चयन सीआइएसएफ (केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल) में फायरमैन के रूप में हुआ है। इस पद में चयन लिए उन्हें कड़ी शारीरिक दक्षता परीक्षा, लिखित परीक्षा एवं मेडिकल से गुजरना पड़ा। जनरल ड्यूटी सिपाही की तैयारी कर रहे छात्रों में सीआईएसएफ में जाने हेतु विशेष आकर्षण रहता है। इसमें ड्यूटी सिर्फ मेट्रो सिटी, एअरपोर्ट और सार्वजनिक उपक्रम जैसे औद्योगिक क्षेत्रों में ही लगती है। संस्थान के छात्र असीम ने अपनी कड़ी मेहनत, लगन और संस्थान के मार्गदर्शन से इन सभी बाधाओं को पार करने में सफलता पाई है। असीम जशपुर जिले के ग्राम तमामंडा विकासखंड फरसाबहार के रहने वाले हैं। उन्होंने नवसंकल्प संस्थान में मई 2023 से सितम्बर 2023 तक 4 महीने की आवासीय व्यवस्था में रह कर तैयारी की थी । उनकी बेसिक ट्रेनिग फरवरी माह से राजस्थान में शुरू होगी। असीम की इस सफलता में संस्थान के सभी शिक्षक एवं प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव ने शुभकामनाएं दी।



## शासकीय भूमि को निजी मद में दर्ज कराने के मामले में चार पटवारियों को नोटिस

**अंबिकापुर।** शासकीय भूमि को निजी मद में दर्ज करने के मामले में एसडीएम द्वारा चार पटवारियों को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। पटवारियों द्वारा भू माफियाओं से मिलीभगत कर 111 हेक्टेयर से अधिक भूमि को निजी मद में दर्ज किए जाने की बात कही जा रही है। प्रशासन द्वारा मामले की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि मैनपाट के ग्राम कंडराजा, बरिमा, नर्मदापुर की शासकीय भूमि को भू माफियाओं द्वारा निजी मद में दर्ज कराए जाने की शिकायत सामने आई थी। शिकायत पर कलेक्टर कुंदन कुमार ने मामले की जांच के निर्देश एसडीएम को दिए थे।

## पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रम में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित
### पैरामेडिकल संस्थान NSDC-SDMS केन्द्र क्र. - 89923

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के सभी संभाग के विभिन्न जिलों में पैरामेडिकल संस्था द्वारा संचालित पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में **(सत्र 2024-25)** के प्रवेश, नेशनल स्कील डेवलपमेंट कार्पोरेशन **( मिनीस्ट्री ऑफ स्किल डेवलपमेंट भारत सरकार का उपक्रम )** हेतु आवेदन आमंत्रित है।

**उपलब्ध एवं प्रस्तावित विभिन्न केन्द्रों के नाम पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें**

| उपलब्ध केन्द्रों व जिलों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निशियन | (M.P.W.) पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर | (D.O.T.) पोस्ट डिप्लोमा इन आपरेशन थियेटर टेक्निशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्निशियन | पोस्ट डिप्लोमा इन नर्सिंग सुपरवाईजर | पोस्ट डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्नीशियन | डिप्लोमा इन योगा एण्ड नैचरोपेथी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 120 सीटें | 120 सीटें | 120 सीटें | 120 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| जांजगीर-चांपा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| कोरबा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| रायगढ़ | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| अंबिकापुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| रायपुर | 120 सीटें | 120 सीटें | 120 सीटें | 120 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| धमतरी | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| सरईपाली | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| जगदलपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें |
| कोंडागांव | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |

**आवेदन हेतु 12 वी कक्षा में न्युनतम प्रतिशत** : अनु. जनजाति 40%, अनु.जाति हेतु 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक | **विकलांग सैनिक / स्व.संग्राम सेनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है |**

**नोट :-**
1. आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारुप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से भरे | साथ ही **25 रूपये** का डाक टिकट लगा हूआ 10x4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे | (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. चयनित उम्मीद्वारो को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा |
3. विद्या कौशल के माध्यम से शैक्षिणिक लोन उपलब्ध है |
4. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है |

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :-11.01.2024 तक |**
**आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :-16.01.2024 तक |**

कार्यालय का पता:-पैरामेडिकल संस्थान NSDC/SDMS, केन्द्र क्र. 89923, सहारा ऑफिस रोड, राजकिशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495 006

### आवेदन पत्र भेजने का प्रारुप

प्रति,
संचालक
पैरामेडिकल संस्थान, NSDC/SDMS, केन्द्र क्र. 89923, सहारा ऑफिस रोड, राजकिशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495 006
महोदय,
................ (पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ।
1. आवेदक का नाम ................ 2. पिता / पति ................
3. जन्म तिथि अंकों में ................ 4. वर्ग: - अनु. ज. जाति [ ] अनु. जन जाति [ ] पिछड़ा वर्ग [ ] सामान्य [ ]
5. पत्र व्यवहार का पता - ग्राम ................ पोस्ट ................ तहसील ................
थाना ................ जिला ................ पिन कोड [ ]
मो. नं. 1 ................ मो. नं. 2 ................ वाट्सअप नं. ................
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ................
7. शैक्षणिक योग्यता-

| क. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, NSDC-SDMS केन्द्र क्र. 89923

### बिरहोरों के लिए काम करने वाले नंगे पांव पहुंचे सीएम से मिलने

# आ ऐती आ, उहां का खड़े हस, मोर कोती आ : मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

राज्य अतिथि गृह पहुना में मेजबान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय हैं और पहुना है प्रदेश भर से आने वाले उनके आत्मीय स्नेहीजन। हर स्नेहीजन से मुख्यमंत्री पहुना में बेहद आत्मीयता से मिल रहे हैं। शनिवार को मुख्यमंत्री के गांव के निकट भीतघर से उनसे मिलने जागेश्वर राम पहुंचे। जागेश्वर राम कभी चप्पल नहीं पहनते, वे कपड़े भी मामूली ही पहनते हैं। वे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मिलने जब पहुना पहुंचे तो वे बैरिकेड के उस पार थोड़े से संकोच के भाव से अपनी बारी का इंतजार करते खड़े हो गए।

मुख्यमंत्री श्री साय जब आए तो परिचितों से भेंट करते वक्त उनकी नजर दूर खड़े जागेश्वर राम पर पड़ी। उन्होंने जागेश्वर को आवाज लगाईऔर आत्मीयता से उन्होंने पुकारा। आ ऐती आ, उहां का खड़े हस, मोर कोती आ। फिर उन्होंने जागेश्वर राम को गले लगाया, पूरे समय साथ ही रहे और समय-समय पर आत्मीय चर्चा करते रहे। जागेश्वर ने उन्हें कैबिनेट की बैठक में प्रदेश के 18 लाख लोगों को आवास देने के निर्णय पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से सरगुजा संभाग की विशेष पिछड़ी जनजाति के हजारों बिरहोर लोगों को आवास मिलने का रास्ता खुल गया है जो घास-फूस की झोपड़ियों में हर साल सरगुजा की कड़ी सर्दी गुजारते हैं। दरअसल जागेश्वर राम और मुख्यमंत्री श्री साय के बीच आत्मीयता की जो कड़ी जुड़ी, वो प्रदेश की अति पिछड़ी जनजाति मानी जाने वाली बिरहोर जनजाति की वजह से जुड़ पाई। जागेश्वर राम महकुल यादव जाति से आते हैं। अपने युवावस्था के दिनों में जब पहली बार वे बिरहोर जनजाति के संपर्क में आए तो इस विशेष पिछड़ी जनजाति की बेहद खराब स्थिति ने उन्हें दुखी कर दिया था,शेष दुनिया से कटे थे। शिक्षा नहीं थी, वे झोपड़ियों में रहते थे। स्वास्थ्य सुविधा का अभाव था। उन्होंने संकल्प लिया कि अपना पूरा जीवन बिरहोर जनजाति के बेहतरी में लगाऊंगा। यह बहुत बड़ा मिशन था और इसके लिए उन्होंने अपनी ही तरह के संवेदनशील लोगों से संपर्क आरंभ किया। इसके चलते वे तत्कालीन सांसद विष्णु देव साय के संपर्क में आए। श्री राम ने उनके समक्ष इस जनजाति के विकास के लिए योजना रखी। सांसद ने उन्हें पूरे सहयोग के लिए आश्वस्त किया। इसके बाद सांसद श्री साय के सहयोग से भीतघरा और धरमजयगढ़ में आश्रम खोले। शुरूआत में ऐसी स्थिति थी कि लोग आश्रम से अपने बच्चों को घर ले जाते थे लेकिन जब आश्रम में पहली पीढ़ी के बच्चे पढ़कर निकले और उनके जीवन में सुखद बदलाव आये तो बिरहोरों ने अपने बच्चों को यहां भेजना शुरू किया। इस गौरवमयी उपलब्धि के लिए राज्य अलंकरण समारोह में उन्हें शहीद वीर नारायण सिंह पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री से जागेश्वर राम ने कहा कि अब हमारे बिरहोर लोगों की मकान की जरूरत पूरी होगी। आपने 18 लाख आवासों के स्वीकृत करने का निर्णय कैबिनेट की ⏭ शेष पेज 4 पर



सीएम से मिलने रायपुर पहुंचे जागेश्वर राम।

16- Dec -JASHPUR-BHOOMI-pg-2_Layout 1 12/16/2023 8:04 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### जिपं उपाध्यक्ष ने शराब दुकान को स्थानांतरित करने दिया सुझाव

**अंबिकापुर।** जिला पंचायत उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने कलेक्टर कुंदन कुमार से चर्चा



कर गंगापुर के सरकारी शराब दुकान को प्रतीक्षा बस स्टैंड के पास स्थानांतरित करने का सुझाव दिया है। लंबे अर्से से गंगापुर के स्थानीय निवासियों ने उपरोक्त शराब दुकान को वहां से हटाने की मांग की थी। गंगापुर के आवासीय क्षेत्र में स्थापित उस दुकान की वजह से वहां के रहवासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पडता है। पूर्व में भी जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने कलेक्टर को पत्र लिखकर गंगापुर के शराब दुकान को स्थानांतरित करने हेतु पत्र लिखा था। कलेक्टर से टेलीफोनिक चर्चा कर उन्होंने यह सुझाव दिया है कि उपरोक्त शराब दुकान वर्तमान प्रतीक्षा बस स्टैंड के पीछे स्थानांतरित किया जा सकता है। प्रतिक्षा बस स्टैण्ड में पुलिस सहायता केन्द्र होने के कारण कानून व्यवस्था की स्थिति स्थापित रखने में भी सहूलियत रहेगी। श्री आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने जानकारी दी कि कलेक्टर ने सुझाव को सकारात्मक रूप से लेते हुए कहा है कि इस हेतु प्रयास किया जायेगा।

### ट्रैक्टर पलटने से गई चालक की जान

**अम्बिकापुर।** अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर के पलट जाने से चालक की मौत हो गई। जबकि सवार एक युवक ने वाहन से कूद कर अपनी जान बचाई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार प्रेमनगर थाना अंतर्गत ग्राम नवापारा कला निवासी लालमणि सिंह आ. लखन सिंह (23 वर्ष) लुण्ड्रा अंतर्गत ग्राम बरगीडीह स्थित एक कन्ट्रशन कंपनी में भतीजा के साथ काम करता था। ग्राम बरगीडीह में नाली निर्माण कार्य में काम करने गया था। गत दिन शाम लालमणि ट्रैक्टर में प्लेट लोड कर पहुंचाने जा रहा रही था। जैसे ही ट्रैक्टर लेकर बरगीडीह मस्जिद के समीप पहुंचा तभी वाहन से नियंत्रण खो बैठा जिससे वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई जिससे चालक वाहन के नीचे दब गया जबकि सवार एक मजदूर कुद कर अपनी जान बचाई। चालक को बरगीडीह अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने चालक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान बीती रात उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

### सुरेश अग्रवाल को पूर्व खाद्य मंत्री ने दी श्रद्धांजलि

**अंबिकापुर।** शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी सुरेश अग्रवाल के निधन उपरांत आज पूर्व खाद्य मंत्री



अमरजीत भगत ने निवास पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। श्रद्धांजलि सभा में पूर्व मंत्री श्री भगत के साथ ही इरफान सिद्दीकी, दीपक मिश्रा, परवेज आलम गांधी, शिव प्रसाद अग्रहरि, लक्ष्मी गुप्ता समेत अन्य वरिष्ठ कांग्रेसी मौजूद थे।

## राशि आबंटन रुकने के कारण हुई थी देरी

# सरगुजा में अभी भी 16 हजार 882 पीएम आवासों में चल रहा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रदेश में नई सरकार का गठन होने के साथ ही घोषणापत्र के प्रमुख बिंदुओं में से एक पीएम आवास को लेकर सरकार जनता की उम्मीद बढ़ गई है। जिले में भी सत्ता परिवर्तन के बाद पीएम आवास निर्माण कार्य में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है। इस बीच जिले की बात की जाए तो वर्तमान स्थिति में यहां अभी भी 16 हजार 882 मकानों के निर्माण का कार्य शेष है। हालांकि इन मकानों के निर्माण का कार्य निरंतर जारी है। बता दें कि ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को उनका अपना पक्के का मकान देने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना की शुरुआत की गई थी। पीएम आवास योजना में केंद्र व राज्य से मिलने वाली राशि से मकान का निर्माण कराया जाना है। सरगुजा जिले की बात की जाए तो यहां अब तक वर्ष 2016-2023 के मध्य कुल 65905 पीएम आवास की स्वीकृति दी गई थी। इस बीच दो से तीन वर्षों तक केंद्र व राज्य के अंश के चक्कर में किसी भी जिले में स्वीकृत किए गए पीएम आवास की राशि नहीं आई बल्कि पूर्व में स्वीकृत निर्माण कार्यों की राशि भी रोक दी गई थी जिससे निर्माण कार्य अधर में लटक गए थे। लंबे समय के इंतजार के बाद राशि जारी हुई जिसके बाद निर्माण कार्य स्वीकृत हुए। इस दौरान जिले को वर्ष 2022-23 के लिए 2664 मकानों के निर्माण का लक्ष्य दिया गया है। इन मकानों का निर्माण लगभग 34 करोड़ 63 लाख रुपए की लागत से किया जाना है। जिसके बाद इन मकानों के निर्माण का कार्य जारी है। बताया जा रहा है कि प्रारम्भ में राशि के अभाव में कार्य में रुकावट आई थी लेकिन बाद में राशि जारी होने के बाद तेजी से निर्माण कार्य हुए है और आज की स्थिति में महज 16 हजार 882 मकानों का कार्य ही शेष है।

**खास बात**

- 49 हजार से अधिक का कार्य पूर्ण



निर्माणाधीन पीएम आवास।

### 49 हजार से अधिक मकान पूर्ण

सरगुजा जिले में पीएम आवास के आंकड़ों पर नजर डाले तो जिले में वर्ष 2016-2023 के बीच कुल 65905 मकान स्वीकृत हुए है। इनमें अंबिकापुर विकासखंड में 10647, बतौली में 7716, लखनपुर में 11818, लुंड्रा में 11581, मैनपाट में 7740, सीतापुर में 7278 व उदयपुर में 9125 मकान की स्वीकृति मिली है। इनमें से कुल 49 हजार 23 मकानों का कार्य पूर्ण हो गया है। जिले में अंबिकापुर विकासखंड में 7295, बतौली में 5627, लखनपुर में 9428, लुंड्रा में 9101, मैनपाट में 5344, सीतापुर 5236 व उदयपुर में 6992 मकान पूर्ण हो गए है। वहीं जिले में वर्तमान स्थिति में 16 हजार 882 मकानों का निर्माण शेष है। इनमें सर्वाधिक 3352 मकान अंबिकापुर विकासखंड में, बतौली में 2089, लखनपुर में 2390, लुंड्रा में 2480, मैनपाट में 2396, सीतापुर में 2042, उदयपुर में 2133 मकानों का कार्य निर्माणाधीन है।

### इस तरह मिलती है राशि

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लिए हर हितग्राही को 1 लाख 30 हजार रुपए प्रदान किए जाते है। इनमें से हितग्राही को पहली किश्त 25 हजार रुपए मकान स्वीकृत होने के बाद, द्वितीय किश्त 45 हजार रुपए प्लिंथ लेवल तक निर्माण व जियो टैगिंग उपरान्त, तृतीय किश्त 45 हजार रुपए टॉप लेवल के निर्माण व जियो टैगिंग के बाद व चतुर्थ किश्त 15 हजार रुपए मकान का निर्माण पूर्ण होने के बाद दिया जाता है।

### प्रतिदिन हो रही है मॉनिटरिंग

पीएम आवास के लिए विशेष टीम का गठन किया गया है और एक एक घर को ट्रैक किया जा रहा है। पीएम आवास भारत व राज्य सरकार की पहली प्राथमिकता है। बारिश से पहले सभी पुराने आवास को पूर्ण करना है। एसडीएम व तहसीलदार सूची दी गई है कि आवास का काम किसी भी हालत में ना रुके। पीएम आवास की प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जा रही है।

-**कुंदन कुमार**, कलेक्टर सरगुजा



## 9 सूत्रीय मांगों को लेकर डाक कर्मचारी हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ पोड़ीमोड़

9 सूत्री मांग को लेकर विकासखंड के लगभग 28 ग्रामीण शाखा डाकघर के कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए है। डाकघर के बंद होने से काम पूरी तरह से बंद जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि डाक विभाग के ग्रामीण डाक सेवक संवर्ग के सभी संगठन ने अपनी 9 सूत्रीय मांगों को लेकर 12 दिसंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। ऐसे में डाकघर के कामकाज पूरी तरह ठप हो गया है। डाक सेवकों की मांगों में सिविल सर्वेंट का दर्जा दिया जाए, 8 घंटे की समय सीमा लागू करने, कमलेश चंद्र कमेटी की अनुशंसाओं को लागू करने, रॉक गए 18 माह के डीए का तत्काल भुगतान करने, ग्रामीण डाक सेवकों के लिए ग्रुप इंश्योरेंस के लिए राशि 5 लाख करने, सभी फ्रंटलाइन वर्कर्स व बीडीएस का समुचित बीमा कराने सहित अन्य मांग शामिल हैं। हड़ताल के दौरान संदीप कश्यप, दीपक, रवि, प्रीति राजवाड़े, मनराज, बादसाय, आनंद कुमार, दिलीप पांडे, विमलेश कुमार, अजीत पटेल, अनिल गुप्ता, महेंद्र गुप्ता, श्यामलाल, दलसाय, अशोक सिंह, नीरज कुमार, रामायण जायसवाल, करीमन उपस्थित रहे।



## एनएच पर बने ब्रेकर से राहगीर हो रहे दुर्घटना के शिकार

**बिश्रामपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पर विधानसभा चुनाव के दौरान बनाए गए ब्रेकर की वजह से आएदिन राहगीर छोटी-बड़ी सड़क दुर्घटनाओं के शिकार हो रहे हैं। विभागीय अधिकारियों की उदासीनता की वजह से क्षेत्रवासियों में खासी नाराजगी देखने को मिल रही है। जानकारी के अनुसार विधानसभा चुनाव के आदर्श आचार संहिता लागू होते ही एनएच 43 अंबिकापुर-मनेन्द्रगढ़ मुख्य मार्ग पर ग्राम पंचायत संजयनगर कालीघाट में संचालित देव स्वीटस के सामने तीन से चार ब्रेकर का निर्माण करा दिया गया है। एनएच पर कराए गए उक्त ब्रेकर निर्माण से आए दिन राहगीर दुर्घटनाओं के शिकार हो रहे हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि नियम अनुसार एनएच पर ब्रेकर का निर्माण नहीं कराया जाना है, बावजूद इसके विभागीय अधिकारियों द्वारा नियम विरुध्द तरीके से यहां पर ब्रेकर का निर्माण कराकर लोगों की जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। ऐसी ही स्थिति बनी रही तो भविष्य में मजबूरन क्षेत्रित ग्रामीणों को आंदोलन करने बाध्य होना पड़ेगा। शुक्रवार को भी यहां पर तीन वाहन चालक दुर्घटना के शिकार हो चुके हैं।

## हाथी प्रभावित क्षेत्र पहुंचे विधायक, मृतक के परिजन से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

क्षेत्रीय विधायक राम कुमार टोप्पो ने हाथी प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम एरंड में हाथी प्रभावितों से मिलकर उन्हें ढांढ़स बंधाया। बता दें कि 4 दिसंबर को हाथी के हमले में एरंड निवासी 35 वर्षीय कलेश्वर नागवंशी आ. ठिनाराम की मौत हो गई थी। युवक की मौत के बाद वन विभाग द्वारा पूर्व में ही मृतक के परिजन को तात्कालिक सहायता राशि 25 हजार रुपए प्रदान कर दी गई थी जबकि शेष राशि 5 लाख 75 हजार रुपए परिवार के खाते में जमा कराया गया है। रायपुर प्रवास से लौटने के बाद विधायक राम कुमार टोप्पो प्रभावित ग्राम एरंड पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने मृतक के परिजन से मिलकर उन्हें ढांढ़स बंधाया। इसके साथ ही उन्होंने मृतक के परिजन को शासन से मिली मुआवजा राशि के मामले में सतर्क रहने की समझाइश दी। वहीं उन्होंने हाथी प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। इस दौरान उन्होंने लोगों को किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल अवगत कराने की बात कही। इसके साथ ही विधायक ने वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों के साथ एरंड एवं उसके आसपास लगे हाथी प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण किया।भ्रमण के दौरान उन्होंने वन अमले को निर्देशित कर कहा कि समय पर जंगल में हाथी होने की सूचना लोगो तक पहुचाये ताकि लोग सतर्क होकर जंगली हाथियों के हमले से बच सके और जन हानि को रोका जा सके। इस दौरान मंडल अध्यक्ष श्रवण दास, संजय भगत, भवानी सिंह, रवि भोय, एसडीओ वन प्रेमचंद मिश्रा, रेंजर विजय कुमार तिवारी, राजेश यादव, रमेश सिंह मंडावी समेत काफी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

- अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश



पीड़ित के परिजन से चर्चा करते विधायक।

### अस्पताल में भर्ती हुए विधायक

चुनाव अभियान एवं लगातार जनसंपर्क से थक कर चूर हो चुके विधायक रामकुमार टोप्पो बीमार हो गए। उन्हें बुखार और बदन दर्द समेत होने वाली अन्य दिक्कतों को देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। जहां चिकित्सकों की देखरेख में उनका उपचार जारी है। विधायक हाथी प्रभावित क्षेत्र से लौट रहे थे इस दौरान तबियत बिगड़ने लगी। तबियत बिगड़ने पर उन्हें उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। विधायक के बीमार होने की जानकारी मिलने के बाद उनके समर्थकों के मिलने का सिलसिला जारी है। इस अवसर पर नीरू मिस्त्री, सुनील गुप्ता, रवि भोय, संजय गुप्ता, दिव्य प्रकाश मिस्त्री, इलू गुप्ता, सेंकी अग्रवाल समेत काफी संख्या में समर्थक उपस्थित थे।

## नेटवर्क कनेक्टिविटी नहीं मिलने से ग्रामीण परेशान

**बेलखरिखा।** विकासखण्ड लखनपुर के ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी नेटवर्क कनेक्टिविटी नहीं मिलने से ग्रामीण परेशान हैं। संचार क्रांति की दौड़ में मोबाइल नेटवर्क उपलब्ध नहीं होने के कारण शासन की ऑनलाईन योजना का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों को नेटवर्क के लिए अपने घरों से बाहर भटकना पड़ रहा है। निजी कंपनी के टावर में नेटवर्क नहीं मिलने से उपभोक्ता परेशान हैं। ग्राम बेलखरिखा, जयपुर, अमलभिट्ठी, पर्री, तुरना व आसपास के गांव में मोबाइल टावर तो लगा है लेकिन लोगों को घरों तक नेटवर्क नहीं मिल रहा है, जिससे ऑनलाईन पढ़ाई सहित अन्य कार्यों के लिए लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आधुनिक युग के दौर में गांव-गांव में मोबाइल नेटवर्क पहुंचने के दावे खोखले साबित हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि किसी से बात करनी हो तो घरों से बाहर निकल कर बात करना पड़ता है। क्षेत्र 5-6 टावर लगे हैं फिर भी लोग नेटवर्क सुविधा से वंचित हैं।

### सार्वजनिक जगह पर शराबखोरी, 19 गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने और पिलाने वालों के खिलाफ पुलिस ने अभियान छेड़ दिया है। अभियान के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस ने 19 आरोपियों को पकड़कर कार्रवाई की है। इसी कडी में 14 दिसंबर को जिले के थाना व चौकी स्तर पर विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान नैला चौकी क्षेत्र में 3, अकलतरा थाना क्षेत्र में 1, पामगढ़ थाना क्षेत्र में 10 , नवागढ़ थाना क्षेत्र में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। नैला पुलिस ने वार्ड क्रमांक 10 नैला में संतोष यादव आदि शामिल हैं।

## पंजीयन तक सिमटकर रह गया रोजगार दफ्तर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में बेरोजगारों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। रोजगार के अवसर नहीं मिलने के कारण बेरोजगारों का आंकड़ा बढ़ते बढ़ते 1 लाख 49 हजार को पार कर गया है। रोजगार कार्यालय महज बेरोजगारों के पंजीयन तक सिमटकर रह गया है। बढती जनसंख्या के साथ ही बेरोजगारों भी बड़ी समस्या बन गई है। जिले में वैसे तो कई उद्योग संचालित है। इसके बावजूद यहां बेरोजगारों की फौज कम होने के बजाए उल्टे बढ़ती जा रही है। रोजगार कार्यालय बेरोजगारों के पंजीयन तक ही सिमटकर रह गया है। जिले मे 30 नवंबर तक की स्थिति में 1 लाख 49 हजार 45 शिक्षित बेरोजगारों ने रोजगार कार्यालय में पंजीयन कराया है। इनमें 56 हजार 748 महिलाएं भी शामिल है।



### पत्नी की हत्या करने वाले को आजीवन कारावास

**जांजगीर-चांपा ।** चरित्र शंका को लेकर पत्नी की हत्या करने वाले पति को आजीवन कारावास और 5 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया गया है। सत्र न्यायाधीश सुरेश कुमार सोनी ने उक्त फैसला सुनाया है। मामला नवागढ़ थाना अंतर्गत अवरीद गांव का है। इस संबंध में अभियोजन से मिली जानकारी के अनुसार अवरीद निवासी गंगाराम श्रीवास अपनी पत्नी संगीता श्रीवास के चरित्र पर शंका करता था और इसी बात को लेकर उसके साथ हमेशा गाली गलौच कर मारपीट करता था। गंगाराम ने 11 मार्च 2021 को भी घर में उसी बात को लेकर अपनी पत्नी संगीता श्रीवास को घर में रखे बांस के डंडा से मारपीट की। संगीता को गंभीर चोट आई और वह घटना स्थल पर हीबेहोश होकर गिर गई।

## 9 सालों के बाद पीजी कॉलेज को मिली बीसीआई की मान्यता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शासकीय पीजी कॉलेज स्थित संभाग के एम मात्र विधि अध्ययन केन्द्र को बार कॉउन्सिल ऑफ इंडिया ने मान्यता प्रदान कर दी है। अब यहां के छात्र देशभर में कहीं भी प्रैक्टिस कर सकेंगे। राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विधि विभाग को बार कॉउन्सिल ऑफ इंडिया द्वारा शुक्रवार को मान्यता प्रदान करने महाविद्यालय परिवार ने केक काटकर व मिठाई बांटकर उत्सव मनाया। पीजी कॉलेज में विधि स्नातक की पढ़ाई वर्ष 1972 से संचालित है। महाविद्यालय द्वारा विधि स्नातक पाठ्यक्रम की बीसीआई से सम्बद्धता हेतु वर्ष 2014 से प्रयास किया जा रहा था। सरगुजा विश्व विद्यालय की स्थापना के पश्चात विश्व विद्यालय के बार काउंन्सिल ऑफ इंडिया से सम्बद्ध नहीं होने के कारण मान्यता मिलने में अड़चन आ रही थी। सरगुजा विश्व विद्यालय ने पहली बार वर्ष 2016 में बीसीआई से सबद्धता हेतु आवेदन किया था। इसी वर्ष महाविद्यालय ने मान्यता के लिए बीसीआई को बकाया फीस का साढ़े चौबीस लाख का भुगतान किया तो मान्यता का मार्ग प्रशस्त हुआ। बीसीआई की टीम ने जून 2019 में तथा जुलाई 2023 में दो बार विधि विभाग का निरीक्षण किया था। इसके पूर्व भी कई बार बीसीआई ने निरीक्षण का समय दिया, किन्तु अंतिम समय में निरीक्षण को टाल दिया जाता था। जुलाई 2023 में निरीक्षण के पश्चात प्राचार्य ने बीसीआई से नियमित संपर्क कर आवश्यक दस्तावेजों को भेजा। बार काउंसिल की मान्यता समिति ने गहन निरीक्षण के उपरांत 14 दिसम्बर को विधि विभाग द्वारा संचालित विधि स्नातक पाठयक्रम को मान्यता संबंधी पत्र जारी किया। विधि विभाग को मान्यता मिलने पर प्राचार्य विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष , अध्यापकों व छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में केक काटकर खुशियां मनाई। इस दौरान प्राचार्य डॉ. रिजवान उल्ला, विभागाध्यक्ष ब्रजेश कुमार, डॉ. राजकमल मिश्रा, डॉ. रमेश जायसवाल, डॉ. अनिल सिन्हा, माधवेंद्र तिवारी, डॉ. एसके श्रीवास्तव, डॉ. महेंद्र मौर्य, मिलेंद्र सिंह, डॉ. तरूण राय, पंकज अहिरवार, देव प्रकाश दुबे,ख पूनम सोनवानी, मोहन कश्यप सहित बड़ी संख्या में विधि विभाग के विद्यार्थी उपस्थित थे।




## बिजनेस साइट

### निशांत नेकस्ट वर्ल्ड में विंटर सेल प्रारंभ




**बिलासपुर।** निशांत नेकस्ट वर्ल्ड में विंटर सेल प्रारंभ हो चुका है। संचालक ने बताया कि साडी, लेटिज सूट, ड्रेस, कुर्ती, किडसवियर, मेन्सवियर के सभी ब्रांडस जैसे निवाइस, पेपे, मुक्ती, मोन्टे-कार्लो, यूसीवी, अरस्तू, जैक एंड जोन्स, रेपर टेवीट, इंडियन टैटेन, पार्क टेवेन्यू, रेमंड, ब्लैकबेरी, ऐरो, स्पाइडर, इंडिया, बीबा, रंरीती, लिरवा, फैकने, टेनेन्टी ड्रेसेस, मान्तय, किमसन क्लन, जीवा ज्वेलरी इत्यादी सभी आइटमों पर 60 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। यहां तक की भारी ठंड में विंटर जैकेट, स्वेटर, मार्डीगित, साल, कैप इत्यादि। विंटर वियर पर भी यह आफर लागू है। इसके अलावा सूट, ब्लेजर, मोदी जैकेटे (कोटी) में भी छूट का लाभ उठाया जा सकता है।


## 8 दिवसीय भर्ती रैली में सीईई परीक्षा पास 68 सौ अभ्यर्थी होंगे शामिल

# अग्निवीर बनने पुलिस लाइन में नौजवान दे रहे इम्तिहान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अग्निवीर सेना भर्ती रैली की शुरूआत पुलिस लाइन खोखराभांठा जांजगीर में 15 दिसंबर की रात से हो गई है। भर्ती रैली 23 दिसंबर तक चलेगी। इस रैली में सीईई की परीक्षा पास कर चुके 68 सौ अभ्यर्थी शामिल होंगे। भर्ती रैली के दौरान नौजवानों के बीच दौड़, कूद सहित कई तरह के शारीरिक टेस्ट लिए जाएंगे। रैली के पहले दिन सक्ती, बिलासपुर, मनेन्द्रगढ़, चिरमिरी, भरतपुर जिले के युवा शामिल हुए। वही दूसरे दिन जांजगीर चांपा के अलावा रायगढ़, मुंगेली, कोरबा और बेमेतरा जिले के युवाओं ने रैली में भाग लिया।

जिले में इस बार अग्निवीर सेना भर्ती के लिए रैली आयोजित की जा रही है। भर्ती की प्रक्रिया में इस बार कुछ बदलाव किए गए है। पहले सीईई की परीक्षा ली गई है। इस परीक्षा में प्रदेश भर के 6 हजार 875 प्रतिभागी पास हुए है। यह प्रतिभागी अब खोखराभांठा जांजगीर में आयोजित भर्ती रैली में शामिल हो रहे है। रैली 15 दिसंबर से शुरू हुई है। अग्निवीर भर्ती के पहले दिन छत्तीसगढ़ के 3 जिलों बिलासपुर, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर और सक्ती के कुल 815 युवाओं को प्रथम दिन के लिए एडमिट कार्ड जारी किये गये थे, जिसमें 680 उम्मीदवारों ने उपस्थिति दर्ज की। वहीं रैली के दूसरे दिन 16 दिसंबर को जांजगीर चांपा, रायगढ़, मुंगेली, कोरबा और बेमेतरा जिले के युवाओं ने देर रात तक भर्ती रैली में परीक्षा दी।भती रैली के दौरान प्रतिभागियों को रात 12 बजे प्रवेश दिया जा रहा है। इसके बाद रात से लेकर अलसुबह तक परीक्षार्थियों की शारीरिक दक्षता एवं अन्य परीक्षण किए जा रहे है। सेना भर्ती कार्यालय से राधे श्याम ने बताया कि दौड़ परीक्षा उत्तीर्ण उम्मीदवारों को इसके बाद शारीरिक प्रवीणता, कागजी कार्यवाही और मेडिकल की प्रक्रिया से गुजरना होगा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन जांजगीर-चांपा और सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के संयुक्त सहयोग से भर्ती प्रक्रिया सुचारु रूप से चल रही है तथा युवाओं में इस रैली भर्ती के प्रति अपार उत्साह देखा जा रहा है।



अग्निवीर भर्ती रैली में टेस्ट देते युवा।

### आईटीआई में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 22 को

**सक्ती।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, जांजगीर-चांपा द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से शुक्रवार 22 दिसंबर को प्रातः 11 बजे से 3 बजे तक शासकीय आई.टी.आई. सक्ती नंदेली भाठा में एक दिवसीय प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि प्लेसमेंट कैंप में निजी क्षेत्र के नियोजक न्यूट्रीन्टी काप केयर प्राइवेट लिमिटेड बिलासपुर द्वारा सेल्स रिप्रेजेन्टेटिव, ग्रुप लीडर, एवं टीम लीडर के पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी। उक्त पद हेतु शैक्षणिक सेल्स रिप्रेजेन्टेटिव, हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वी एवं ग्रुप लीडर व टीम लीडर पद के लिये 12वी स्नातक कृषि निर्धारित किया गया है।

16- Dec -JASHPUR-BHOOMI-pg-3_Layout 1 12/16/2023 8:07 PM Page 1





# सनी ने दिया एनिमल का ऑनेस्ट रिव्यू

**मुंबई।** देओल बंधुओं के लिए यह साल काफी अच्छा रहा। सनी देओल की गदर 2 एक ब्लॉकबस्टर सफलता थी और बॉबी देओल संदीप रेड्डी वांगा की एनिमल में अपने प्रदर्शन के लिए हर तरफ से प्रशंसा अर्जित कर रहे हैं। अब बॉबी के भाई एक्टर सनी देओल ने भी फिल्म देखी है और अपना रिव्यू शेयर किया है। सनी ने एनिमल की तारीफ की है मगर एक्टर ने यह भी कहा है कि फिल्म में कुछ चीजें ऐसी भी हैं, जो उन्हें पसंद नहीं आई हैं। उन्होंने कहा, मैं वास्तव में बॉबी के लिए खुश हूं। मैंने एनिमल देखी है और मुझे यह पसंद आई, यह एक अच्छी फिल्म है।

लाइफ Style



# जाह्नवी

## छोटी बहन को दी सलाह

एजेंसी ⏭ मुंबई

हिंदी सिनेमा की दिग्गज एक्ट्रेस रहीं श्रीदेवी की बड़ी बेटी जाह्नवी कपूर की तरह छोटी बेटी खुशी कपूर ने फिल्मी दुनिया में डेब्यू कर लिया है। बॉलीवुड की फेमस निर्देशक जोया अख्तर की ओटीटी मूवी 'द आर्चीज' के जरिए खुशी ने हिंदी सिनेमा में कदम रखा है।

मौजूदा समय में इस फिल्म को लेकर निर्माता बोनी कपूर की लाड़ली का नाम लगातार सुर्खियां बटोर रहा है। इस बीच खुशी कपूर की बड़ी बहन जाह्नवी कपूर ने उन्हें एक बड़ी सलाह दी है। जाह्नवी और खुशी में दो बहनों के आधार पर काफी प्यार है। अक्सर सोशल मीडिया पर एक दूसरे की फोटो शेयर कर ये दोनों प्यार लुटाती नजर आती हैं। हाल ही में जाह्नवी से एक इंटरव्यू में खुशी की पहली फिल्म 'द आर्चीज' को लेकर सवाल पूछा गया है। इस पर जाह्नवी ने खुलकर बात करते हुए कहा है, हां मैंने इस फिल्म देखी है। अगर ईमानदारी से कहूं तो मुझे उनका काम अच्छा लगा। जब मेरी उनसे (खुशी) बात हुई तो मैंने सिर्फ उनसे ये कहा कि अब वह हेट यानी नफरत के लिए तैयार हो जाएं, लोग आपको टारगेट करेंगे और बुरा भला कहेंगे। बुरी बातों पर हम यकीन जल्दी कर लेते हैं और सही बातों में ऐसा उल्टा होता। मैंने अपनी बहन से कहा कि की खुद को मत खोइए, परेशान न हो आपने अच्छा काम किया, जो वास्तविकता के आधार पर था, न की बनावटी। इस तरह से जाह्नवी ने खुशी को बड़ी बहन होने के वाते बड़ी सलाह दी। नेटफ्लिक्स फिल्म 'द आर्चीज' में खुशी ने बैट्टी कूपर की भूमिका को अदा किया है।

## हॉलीवुड मसाला



# बॉयफ्रेंड के साथ हुईं रोमांटिक

**लॉस एंजेलिस।** दुनियाभर में अपनी आवाज का जादू चलाने वाली सेलेना गोमेज अक्सर अपने अफेयर को लेकर हेडलाइंस में छाई रहती हैं। जस्टिन बीबर समेत कई लोगों के साथ सेलेना का नाम जुड़ चुका है। अब सेलेना गोमेज म्यूजिक इंडस्ट्री के एक जाने-माने शख्सियत को डेट कर रही हैं और वह हैं बेंजामिन जोसेफ लेविन, जिन्हें बेनी ब्लैंको भी कहा जाता है। कुछ महीनों से सेलेना और बेनी का नाम जोड़ा जा रहा था। हाल ही में, सेलेना ने बेनी के साथ अपने रिश्ते पर मुहर लगा दी और बताया कि वह उनके साथ बहुत खुश हैं।




# माई बेस्ट फ्रेंड्स वेडिंग का सीक्वल देखना चाहती हैं जूलिया

**लॉस एंजेलिस।** एक्ट्रेस जूलिया रॉबर्ट्स से पूछा गया कि क्या उनके करियर की कोई ऐसी फिल्म है, जिसका वह संभावित सीक्वल देखना चाहेंगी, तो उन्होंने जवाब दिया 'माई बेस्ट फ्रेंड्स वेडिंग', जो 1997 में रिलीज हुई थी। रॉबर्ट्स ने कहा,माई बेस्ट फ्रेंड्स वेडिंग में बहुत सारे लोग हैं और यह देखने के लिए कि वे क्या कर रहे हैं और किम्मी और माइकल की शादी कैसी चल रही है, इसका सीक्वल देखना चाहूंगी। रॉबर्ट्स ने कहा, निश्चित रूप से, जूल्स से है। लेकिन उन्होंने किम्मी से शादी कर ली। जूलिया ने फिल्म में जूलियन नामक एक महिला की भूमिका निभाई, जिसे पता चलता है कि वह अपने सबसे अच्छे दोस्त माइकल (डरमॉट मुलरोनी) से प्यार करती है, लेकिन जब उसे पता चलता है कि वह कॉलेज की छात्रा किम्बर्ली (कैमरन डियाज) से शादी करने जा रहा है, तो वह माइकल को वापस पाने का प्रयास करती है।



# कर्मा कॉलिंग का दमदार टीजर आउट


**मुंबई।** रवीना टंडन की अपकमिंग सीरीज कर्मा कॉलिंग का टीजर रिलीज हो गया है। टीजर में रवीना का शानदार अंदाज देखने को मिल रहा है। ये सीरीज डिज्नी प्लस हॉटस्टार में रिलीज होगी। रुचि नारायन के निर्देशन में बनी इस सीरीज में रवीना एक अमीर शख्सियत इंद्राणी कोठारी का किरदार निभाती दिखाई देंगी। कर्मा कॉलिंग की रिलीज डेट का ऐलान भी किया गया है। कर्मा कॉलिंग अमीरों की दुनिया की असलीयत बताती है। सीरीज में दिखाया जाएगा कि इंद्राणी कोठारी की ग्लैमर और चकाचौंध से भरी दुनिया में कितना धोखा भरा है। ये सीरीज 26 जनवरी को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज हो रही है। रवीना ने बताया कि वह इस सीरीज के साथ जुड़कर बहुत खुश हैं। उन्होंने इससे पहले कभी भी ऐसा किरदार नहीं निभाया।



# फाइटर का गाना शेर खुल गए रिलीज

**मुंबई।** फिल्म 'फाइटर' का गाना 'शेर खुल गए' रिलीज हो गया है। डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद ने इस पार्टी सीजन सॉन्ग के साथ अपनी फिल्म के म्यूजिकल सफर की शानदार शुरुआत कर दी है। धमाकेदार डांस बीट्स से भरपूर, 'शेर खुल गए' आपके पार्टी के जज्बे को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का वादा करता है। अपने कमाल के डांसिंग स्किलस के लिए मशहूर ऋतिक रोशन भी सरप्राइज करने में फेल नहीं होते हैं। इस गाने में उनके डांस मूव्स बेहद शानदार हैं। साथ ही वो हर कदम पर जादू बिखेरते हुए इस गाने को दर्शकों के लिए एक सदाबहार ट्रीट बनाते हैं। इसके अलावा गाने में करण सिंह ग्रोवर, संजीदा शेख और अक्षय ओबेरॉय ने जोशिला माहौल बनाया है। 'शेर खुल गए' गाने को विशाल ददलानी, शेखर रावजियानी, बेनी दयाल और शिल्पा राव ने अपनी आवाज दी हैं।

## टीवी मसाला



# सुगंधा ने बेटी को दिया जन्म बेबी गर्ल का शेयर किया फोटो

**मुंबई।** कॉमेडियन सुगंधा और संकेत भोसले माता-पिता बन गए हैं। हाल ही में, सुगंधा ने अपने बेटी को जन्म दिया है। उनके पति संकेत ने सोशल मीडिया पर फैंस के साथ ये गुडन्यूज शेयर की है। सिंगर, एक्ट्रेस और कॉमेडियन सुगंधा मिश्रा ने अक्टूबर महीने में अपनी प्रेग्नेंसी की अनाउंसमेंट की थी। अब अभिनेत्री ने शादी के ढाई साल बाद अपने पहले बेबी का स्वागत किया है। सोशल मीडिया पर एक क्यूट वीडियो के जरिए संकेत ने बेबी गर्ल के जन्म की जानकारी दी। संकेत भोसले ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर हॉस्पिटल से एक वीडियो शेयर किया है। क्लिप में संकेत कहते नजर आ रहे हैं कि वह पिता बन गए हैं। उन्होंने अपनी पत्नी सुगंधा की भी झलक दिखाई, जिनके चेहरे पर बेटी के जन्म की खुशी साफ जाहिर कर रही है। संकेत ने अपनी लाडली की पहली फोटो शेयर की, जिसमें वह और सुगंधा अपनी लाडली के साथ फोटो खिंचवा रहे हैं। हालांकि, संकेत ने बेटी के चेहरे को इमोजी से ढक दिया। रोहित रॉय समेत बाकी सेलेब्स और फैंस उन्हें बधाइयां दे रहे हैं। सुगंधा मिश्रा को कॉमेडी शो 'द कपिल शर्मा शो' से पॉपुलैरिटी मिली है। वह शो में अपनी कॉमिक टाइमिंग से दर्शकों को हंसाने का कोई मौका नहीं छोड़ती थीं। कॉमेडी के अलावा सुगंधा एक शानदार सिंगर भी हैं, जो सा रे गा मा पा के मंच पर भी अपनी आवाज का जादू चला चुकी हैं।

# वैष्णवी हुईं मारपीट का शिकार मदद की लगाई गुहार



टीवी अभिनेत्री वैष्णवी धनराज का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। इसमें एक्ट्रेस मदद की गुहार लगाती हुई दिख रही हैं। वैष्णवी के चेहरे और शरीर पर चोट कई निशान हैं। वीडियो में एक्ट्रेस ने कहा कि उनके साथ परिवार वालों ने मारपीट की है। वैष्णवी ने अपना एक वीडियो जारी करते हुए खुद के साथ हुए हाथापाई के बारे में बताया और सभी से मदद करने के लिए रिक्वेस्ट की। एक्ट्रेस ने अपने चेहरे, होंठ और हाथ पर लगे चोट के निशानों को भी कैमरे पर दिखाया। वैष्णवी धनराज ने बताया कि उन्होंने ये वीडियो पुलिस स्टेशन से शूट किया है। वैष्णवी ने वीडियो में कहा, नमस्ते, मैं वैष्णवी धनराज हूं।

# परिवार के साथ तिरुपति बालाजी पहुंची दीपिका



मुंबई। अभिनेत्री दीपिका पादुकोण अपनी आगामी फिल्म फाइटर को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म की रिलीज से पहले अभिनेत्री अपने परिवार के साथ तिरुपति बालाजी मंदिर के दर्शन करने गईं। दीपिका अपनी मां, पिता और बहन के साथ तिरुपति बालाजी मंदिर के दर्शन करने पहुंचीं। शेयर किए गए वीडियो में अभिनेत्री को सुबह-सुबह भगवान के दर्शन करते हुए देखा गया। उन्होंने फैमिली के साथ मंदिर में माथा टेका। इस दौरान दीपिका पादुकोण ट्रेडिशनल लुक में नजर आईं। उन्होंने बेज कलर का एथनिक आउटफिट पहना था। कानों में चांद बालियां, हेयर बन और लाल कलर की चुनरी ओढ़ी दीपिका हमेशा की तरह सुंदर लग रही थीं। दीपिका का ये वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है।

# डिजिटल प्लेटफॉर्म पर डेब्यू करेंगे सिद्धार्थ



**मुंबई।** एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा अब रोहित शेट्टी के कॉप्स वर्ल्ड का हिस्सा बन चुके हैं। वह जल्द ही रोहित शेट्टी की डेब्यू सीरीज 'द पुलिस फोर्स' से ओटीटी की दुनिया में कदम रखने जा रहे हैं। सिद्धार्थ डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपना डेब्यू कर रहे हैं। 'इंडियन पुलिस फोर्स' के निर्देशक-निर्माता रोहित शेट्टी ने हाल ही में अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर कॉप एक्शन ड्रामा वेब सीरीज का एक नया पोस्टर शेयर किया है। इसमें आंखों पर चश्मा लगाए और पुलिस आधिकारिक लुक में सिद्धार्थ मल्होत्रा नजर आ रहे हैं। उनके साथ ही विवेक ओबेरॉय और शिल्पा शेट्टी भी पोस्टर में दिखाई दे रहे हैं। रोहित शेट्टी ने बताया कि इस सीरीज का टीजर 16 दिसंबर को रिलीज किया जाएगा। इंडियन पुलिस फोर्स' सीरीज 19 जनवरी को रिलीज हो रही है। ये वेब सीरीज दुनियाभर में अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम की जाएगी।

## अपने अभिनय से सिल्वर स्क्रीन पर मचाएंगे धूम

# नए साल में देखने मिलेंगी रोमांचक जोड़ियां

एजेंसी ⏭ मुंबई

जैसे-जैसे वर्ष 2024 सामने आएगा, बॉलीवुड प्रेमी खुद को ताज़ा और आकर्षक ऑन-स्क्रीन जोड़ियों की एक श्रृंखला के लिए तैयार कर सकते हैं जो अपनी केमिस्ट्री और करिश्मा के साथ सिल्वर स्क्रीन पर धूम मचाने का वादा करती हैं। हाई-ऑक्टेन एक्शन से लेकर दिल छू लेने वाले रोमांस तक, आगामी रिलीज विभिन्न प्रकार की शैलियों का दावा करती है, जो यह सुनिश्चित करती है कि हर सिनेमा प्रेमी के लिए कुछ न कुछ हो। आइए गतिशील जोड़ी और उनकी बहुप्रतीक्षित परियोजनाओं पर एक नज़र डालें।



### विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना - चावा

लक्ष्मण उतेकर ने चावा में विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना को निर्देशित किया है। चूंकि इस महीने उनकी संबंधित फिल्में बॉक्स ऑफिस पर टकरा रही हैं, प्रशंसक 6 दिसंबर, 2024 को इस आगामी रिलीज में उनके पहले सहयोग का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

### राशि खन्ना और सिद्धार्थ मल्होत्रा - योद्धा



एक्शन से भरपूर फिल्म /"योद्धा/" में एक ताज़ा जोड़ी ने प्रशंसकों को उत्सुक कर दिया है। राशि खन्ना और सिद्धार्थ मल्होत्रा इस आगामी थ्रिलर में स्क्रीन पर तीव्रता और जोश लाने के लिए तैयार हैं।

### शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े - देवा

/"देवा/" में शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े के साथ दशहरा मनाएं। एक हाई-प्रोफाइल मामले की जांच कर रहे एक विद्रोही पुलिस अधिकारी की यह गहन कहानी दर्शकों को अपनी सीटों से बांधे रखने का वादा करती है।

### कृति खरबंदा और सनी सिंह - रिस्की रोमियो

/"रिस्की रोमियो/" में कृति खरबंदा और सनी सिंह के साथ एक रोलरकोस्टर सवारी के लिए तैयार हो जाइए। यह होनहार जोड़ी इस रोम-कॉम में हंसी, प्यार और शायद जोखिम की खुराक देने के लिए पूरी तरह तैयार है।

### कैटरीना कैफ और विजय सेतुपति - मेरी क्रिसमस

अपनी मूल रिलीज़ 8 दिसंबर, 2023 से 12 जनवरी, 2024 तक स्थानांतरित होकर, मेरी क्रिसमस कैटरीना कैफ और विजय सेतुपति की अप्रत्याशित लेकिन दिलचस्प जोड़ी को एक साथ लाती है। श्रीराम राघवन द्वारा निर्देशित यह फिल्म एक आनंदमय सिनेमाई आश्चर्य होने की उम्मीद है।



# जो मुश्किल नहीं है वो प्यार नहीं : मौनी

**मुंबई।** 'टेम्पटेशन आइलैंड इंडिया' की मेजबानी कर रही अभिनेत्री मौनी रॉय ने शो में रिश्तों के भीतर की चुनौतियों पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि वास्तविकता एक बार फिर कल्पना से अधिक विचित्र साबित हुई है। मौनी ने कहा, जो कभी विला में रहते थे, वे अब सार्थक संबंधों में विकसित हो गए हैं। प्यार का अंतिम फैसला सुनाना आसान काम नहीं होगा। इस शो ने मात्र आकर्षण को रिश्तों के बारे में गहन अहसास में बदल दिया है। सही ही कहते हैं, जो मुश्किल नहीं है, वो प्यार नहीं है। उन्होंने आगे जोर देकर कहा, मैंने शो में व्यक्तियों को महत्वपूर्ण परिवर्तनों से गुजरते हुए, मजबूत और आत्मविश्वासी व्यक्तित्व के रूप में विकसित होते देखा है। साथ ही कई लोगों ने अपनी पूरी क्षमता से अपने संबंधों की गहराई का पता लगाया। मैं वास्तव में इन जोड़ों के जीवन में खुल रहे अध्यायों को देखने के लिए उत्सुक हूं।

## खबर संक्षेप

### निर्वाचक नामावली मुद्रण मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित

**रायगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 जनवरी 2024 की स्थिति में जिला.रायगढ़ की निर्वाचक नामावली मुद्रण हेतु मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की गई है। निविदा फार्म 500 रुपए जमा कर कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रायगढ़ के कक्ष क्रमांक 23 से निविदा प्रकाशन तिथि से 2 जनवरी 2024 को अपरान्ह 1 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है। निर्धारित फार्म में पूर्ण रूप से भरी निविदा कार्यालय के कक्ष क्रमांक 23 में 2 जनवरी 2024 को अपरान्ह 2 बजे तक ही प्राप्त की जाएगी और उसी दिन अपरान्ह 4 बजे कार्यालय के कक्ष क्रमांक 21 में उपस्थित निविदाकारों या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष निविदा खोली जाएगी। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारीए रायगढ़ में उप जिला निर्वाचन अधिकारी से संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

### निगम ने किया प्रतिबंधित प्लास्टिक व कैरीबैग जब्त



**रायगढ़।** सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंधित किए जाने के बाद लगातार अभियान चलाकर शहर में छापेमारी और जुर्माना कार्यवाही की जा रही है गुरूवार को विभिन्न दुकानों पर प्रतिबंधित प्लास्टिक मिलने पर उसे जब्त किया और उनका चालान काटते हुए दुकान दारों को समझाईश दी गई। निगम कमिश्नर सुनील कुमार चद्रवंशी के मार्गदर्शन में नगर निगम रायगढ़ के स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक के विक्रेताओं एवं व्यवसायियों पर कार्रवाई की गई। इस दौरान हेमू कालानी चौक से चक्रधर नगर चौक तक 17 विक्रेताओं पर 11700 रुपए का अर्थदण्ड लगाया गया। साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक, कैरीबैग व अन्य सामग्री जप्त की गई।

### वारिसानों को सहायता राशि स्वीकृत

**रायगढ़।** अनुविभाग रायगढ़ अंतर्गत दो लोगों की प्राकृतिक आपदा सर्पदंश से असामयिक मृत्यु होने पर कलेक्टर के अनुमोदन एवं एसडीएम प्रकरण के परीक्षण पश्चात राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के संशोधित प्रावधान के तहत नजदीकी वारिसानों को 4-4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। साल्हेपाली निवासी नेतराम यादव की मृत्यु होने पर उनकी पत्नी सुनीता यादव एवं ग्राम जुनवानी के जयराम यादव की मृत्यु होने पर उनकी पत्नी शिक्षामती यादव को 4-4 लाख की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी ...

को पीएम आवास की सौगात दे दिया है मुख्यमंत्री ने सस्ती ओर गुणवत्ता युक्त दावा उपलब्ध कराने के लिए सभी अस्पतालों में जेनरिक दवा के उपलब्धता सुनिश्चित करने का सख्त निर्देश स्वास्थ विभाग को जारी किया है।जनता के हित और प्रदेश के विकास का प्रयास इसी तरह जारी रहेगा।

### आ ऐती आ, उहां ...

बैठक में किया है। मैंने बिरहोरों की तकलीफ देखी हैं। उनकी उजाड़ झोपड़ियों की जगह अब पक्के घर होंगे। छत्तीसगढ़ में बड़ा फैसला आपने किया है जो लाखों बिरहोरों के जीवन में सुखद बदलाव लाएगा। अति विशिष्ट अतिथियों की अगवानी करने वाले परिसर पहुना में आने वाला हर व्यक्ति इस बात को लेकर आशंकित रहता है कि मुख्यमंत्री से मिलने वाले हजारों प्रियजनों के बीच उसे मुख्यमंत्री का थोड़ा समय मिल पाएगा या नहीं। यह आशंका उन लोगों में और भी बढ़ जाती है जो आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि से आते हैं लेकिन पहुना आते ही उन्हें अपने घर-गांव जैसा ही माहौल लगता है जैसे पूरा पहुना परिसर मड़ई की तरह हो गया हो और वे पहुना हो गये हों। अपने लोगों से गहरा स्नेह रखने वाले मुख्यमंत्री यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि अपने सभी प्रियजनों को समय दें। खाट-पलंग की व्यवस्था की थी श्री साय ने- श्री जागेश्वर राम ने बताया कि मुख्यमंत्री ने सांसद रहते बिरहोर जनजाति के दुखदर्द को समझा। वे झोपड़ियों में सर्द रातें बिना खाट के गुजारते थे। श्री साय ने उनके लिए खाट-पलंग की व्यवस्था की। वे 1980 से ही उनके साथ हैं और पहाड़ी कोरवा तथा बिरहोर जनजाति के इलाकों में जब भी दौरे पर जाते हैं जागेश्वर राम को साथ ही रखते हैं।

---

भूपदेवपुर में डकैती, उर्दना में दुर्घटना व तमनार में लूट की घटना, ग्रामीणों व जवानों के बीच मारपीट, तनाव

# डकैती, लूट, दुर्घटना व फायरिंग से सहमा रायगढ़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शुक्रवार को कई ऐसी घटनाएं जिले में घटित हुई, जिनसे जिलेवासी सहम गए। भूपदेवपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव में जहां देर रात वृद्ध महिला से मारपीट कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया, तो वहीं तमनार थाना क्षेत्र अंतर्गत पाली घाट में एक सोनार से लूटपाट की गई। इसके अलावा छाल मे एसईसीएल खुली खदान में पार्किंग की अवैध वसूली व बाइपास से भारी वाहनों के प्रवेश को लेकर ग्रामीणों व त्रिपुरा राइफल्स के जवानों के बीच हिसंक झड़प होने की भी घटना सामने आई। साथ ही पुसौर में बैंक से पैसे आहरित कर अपने घर जा रहे किसान के बाइक में रखे करीब एक लाख रूपए की चोरी तथा उर्दना में ट्रक की चपेट में आकर युवक की मौत की घटना भी देखने को मिली। इन घटनाओं से रायगढ़वासियों को जानमाल को लेकर चिंता बढ़ गई है।



छाल में शुक्रवार की दोपहर त्रिपुरा राइफल्स व ग्रामीणों के बीच ट्रकों को रोके जाने की बात को लेकर पहले तो विवाद शुरू हो गया, जिसके बाद यह विवाद हाथापाई में बदल गया। बताया जा रहा है कि ग्रामीणों ने त्रिपुरा राइफल्स के जवानों को डंडे से मारपीट की, वहीं कुछ जवानों के द्वारा फायरिंग किए जाने की बात भी सामने आ रही है। इधर इस बात की सूचना मिलते ही भारी संख्या में पुलिस मौके पर पहुंच गई और विवाद को सुलझाने का प्रयास कर रही है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार इस मारपीट व हाथापाई में कुछ जवानों सहित ग्रामीणों को भी चोंट लगने व घायल होने की बात सामने आ रही है। दरअसल छाल क्षेत्र में शुक्रवार की दोपहर तकरीबन 2 बजे त्रिपुरा राइफल्स के द्वारा एसईसीएल बाईपास मार्ग से प्रवेश कर रहे कुछ भारी वाहनों को रोका गया। जब जवानों ने इन वाहनों को रोका तो कुछ ग्रामीण वहां पहुंच गए और ट्रकों को नहीं रोकने की बात कहने लगे। इस बात को लेकर ग्रामीणों व जवानों के बीच विवाद बढ़ गया और देखते ही देखते यह विवाद हाथापाई तक जा पहुंचा। जब इस बात की सूचना गांव के अन्य ग्रामीणों को हुई तो वे भी भारी संख्या में वहां पहुंच गए और लाठी डंडे से तथा पथराव करके त्रिपुरा राइफल के जवानों के साथ मारपीट की। बताया जा रहा है कि ग्रामीणों को तितर बितर करने के लिए जवानों के द्वारा हवाई फायरिंग की गई।हालांकि आधाकारिक रूप से फायरिंग की घटना की पुष्टि नहीं हो सकी है। इस वक्त की कुछ वीड़ियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुई, जिसमें ग्रामीणों द्वारा जवानों पर डंडे से वार करते और पथराव करते नजर आ रहे हैं।

#### पार्किंग को लेकर हुआ विवाद

बताया जा रहा है कि ग्रामीणों व लात एसईसीएल खुली खदान में सुरक्षा में तैनात त्रिपुरा राइफल्स के 9वी बटालियन के जवानों के बीच कथित तौर पर पार्किंग के लिए वसूली को लेकर विवाद हुआ। जिसके बाद यह विवाद बढ़ गया और हाथापाई की नौबत आ गई।

#### ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

इस बात को लेकर ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन करते हुए उचित कार्रवाई की मांग की है। बता दें कि यह विवाद काफी पुराना है। इससे पहले भी एक बार इस तरह का विवाद देखने को मिला था।

#### चंद पुलिस जवानों के भरोसे सुरक्षा व्यवस्था

इस घटना के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति है। ऐसे में बताया जा राह है कि विपरीत परिस्थितियों को संभालने के लिए महज दो ही पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया। ऐसा इसलिए कि विभाग के बड़े अधिकारी फिलहाल छाल में मौजूद नहीं हैं।इस बात की पूरी संभावना व उम्मीद है कि इस घटनाक्रम के सामने सामने आने के बाद जिम्मेदार अधिकारी यथासंभव जल्द ही मुख्यालय पहुंच जाएंगे। हालांकि घटना के बाद खरसिया एसडीओपी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया।

### घर में घुसे लुटेरे, वृद्धा से मारपीट कर की लूटपाट

भूपदेवपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भूपदेवपुर बेलारी में दरम्यानी रात एक मकान में दो चोर दाखिल हुए और आलमारी से सोने व चांदी के जेवरात सहित नगदी रकम को लेकर कर भाग ही रहे कि वृद्धा की नींद खुल गई। ऐसे में दोनों चोरों ने वृद्धा पर प्राण घातक हमला कर दिया और मौके से फरार हो गए। इधर सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और वस्तु स्थिति का जायजा लेते हुए दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में जुट गई है। इस संबंध में कौशल कुमार राठिया पिता पुनीराम राठिया उम्र 49 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह मूलतः ग्राम भूपदेवपुर बेलारी का निवासी है और वर्तमान में शिक्षक के रूप में सारंगढ के ग्राम खजरी में पदस्थ है। ग्राम बेलारी भूपदेवपुर में उसका मकान है, जहां उसकी माता एवं छोटी बहन व दो भांजा व भांजी रहते हैं। 15 दिसंबर की बात रात करीब 3..30



बजे उसकी बहन राजकुमारी राठिया एवं भाई विष्णु राठिया ने उसे फोन करके बताया कि दो अज्ञात व्यक्ति दरम्यानी रात्रि को घर चोरी करने के लिए दाखिल हुए थे। घर में चोरी की वारदात को अंजाम देने के साथ ही उसकी माता उर्मिला राठिया से मारपीट की और उसे घायल कर फरार हो गए।

### ट्रक की चपेट में आया बाइक सवार

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत उर्दना रोड में एक बाइक अनियंत्रित हो कर गिर गई, तभी सामने से आ रहे ट्रक की चपेट मे आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची, जहां वस्तु स्थिति का जायजा लेते हुए पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार उर्दना रोड में शुक्रवार की दोपहर को एक बाइक सवार 25 वर्षीय युवक उर्दना से शहर की ओर की ओर रहा था।

### मिर्ची पावडर फेंक की सोने व नकदी की लूट

तमनार थाना क्षेत्र अंतर्गत पालीघाट में एक सोनार उस वक्त लूटपाट का शिकार हो गया, जब वह रायगढ़ से पालीघाट की ओर जा रहा था। उसकी आंखों में मिर्ची पावडर फेंक कर उससे कुछ अज्ञात लोगों ने 15 ग्राम सोने सहित 6 हजार रूपए की लूटपाट को अंजाम दिया है। बताया जा रहा है कि पीड़ित युवक का नाम श्रीधर पुष्टि है जो देवगढ़ का निवासी है और सोनार का काम करता है। इस बात की सूचना मिलने पर पुलिस जांच में जुट गई है।

### बैंक से आहरित रकम की चोरी, अपराध दर्ज

पुसौर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तड़ोला निवासी युवक बैंक से रकम आहरण करने बाद एक थैले में करीब 1 लाख रूपए रख कर वापस आ रहा था, इसी बीच वह कैलेण्डर लेने के बाद एक दुकान रखा और इसी बीच किसी अज्ञात ने उक्त रकम पर हाथ साफ कर दिया। युवक की शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज करते हुए मामले को पंजीबद्ध किया गया है। इस संबंध में जयलाल नायक पिता बलभद्र ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह खेती किसानी का काम करता है।

## बिजली केबल वायर बदलने के दौरान टूटा खंभा, दिनभर गुल रही लाइट

रायगढ़। बुधवार को बिजली का पुराना केबल वायर होने के कारण वह आपस में जलकर चिपक गया। जिसकी सूचना मिलने पर बिजली विभाग के कर्मचारी केबल वायर बदलने पहुंचे और जैसे ही विद्युत कर्मी सीढ़ी लगाकर खंभे पर चढ़े वह खंभा टूट कर लटक गया। जिसके बाद विभाग के लोगों की परेशानी बढ़ गई। इसके साथ ही स्थानीय लोगों को भी सुबह से शाम तक बिना बिजली के ही रहना पड़ा।

बीते बुधवार की सुबह हंडी चौक निवासी लोगों ने बिजली विभाग को फोन करके बताया कि क्षेत्र की लाइट नहीं है। सूचना पाकर पहुंचे बिजली विभाग के कर्मचारियों ने देखा कि बिजली का लोड बढ़ने से केबल वायर अधिक गर्म होकर आपस में चिपक गयाए जिसमें स्पार्क होने के कारण क्षेत्र की लाइट बंद है। उन्होंने उसे सुधारने का प्रयास किया लेकिन तार में सुधार नहीं हो पाने के करण नया केबल वायर लाकर उसे जोड़ने का प्रयास शुरू किया गया। जैसे ही पुराने केबल को निकालने के लिए लाइनमैन खंभे पर चढ़ा उसी समय खंभा टूट कर लटक गया। बताया जा रहा है कि यह बिजली का खंभा काफी पुराना है और लोहे का होने के कारण जंग खाकर सड़ चुका है। हालांकि इस घटना में बिजली विभाग के कर्मचारी सुरक्षित बच गए और नया खंभा लाकर उक्त स्थान पर खड़ा करने के बाद केवल वायरिंग किया गया। काम शुरू करने से पहले ही बिजली वायर देखने के बाद सड़क पर गिरे वायर को साइड कर वहां यातायात पुलिस का बेरीकेट लगाया गया। जिससे कोई दुर्घटना घटित ना हो सके। स्थानीय दुकानदारों



से चर्चा के दौरान उन्होंने बताया कि आए दिन हंडी चौक क्षेत्र में बिजली की समस्या बनी रहती है। अक्सर वायर जलने और ट्रांसफार्मर जलने से क्षेत्र के लोगों को काफी परेशानी हो रही है। इसी दौरान अमित कुमार पटनायक ने बताया कि उसकी इलेक्ट्रिकल सामान बनाने की दुकान है। जिसमें पंखा, कूलर, मोटर बाईंडिंग इत्यादि बिजली से संबंधित काम किया जाता है।

लाइट चले जाने से उसे सुबह से ही उसके ग्राहकों को बिना काम कराए ही वापस भेजना पड़ रहा है। अमित पटनायक ने बताया कि सुबह से ही मरम्मत कर जारी है लेकिन कितना देर तक यह मरम्मत कार्य चलेगा और कब बिजली वापस आएगी इसकी जानकारी कोई नहीं दे रहा है। जिससे उसे दोहरी मार का सामना करना पड़ रहा है।

## शहर के 3 स्थानों पर लगा ध्वनि विस्तारक प्रतिबंध जोन का बोर्ड

**रायगढ़।** नगर निगम क्षेत्र स्थित कलेक्ट्रेट परिसर डिग्री कॉलेज परिसर और जनपद पंचायत का क्षेत्र कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देश पर साइलेंस जोन घोषित किया गया है। इन तीनों प्रमुख स्थान से 100 मी की परिधि में तेज आवाज करने वाले तीव्र संगीत और ध्वनि विस्तारक के उपयोग को पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है।

कलेक्टर ने बीते गुरुवार को आदेश जारी करते हुए कहा कि शहर में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग बड़ी संख्या में हो रहा है। जिससे शासकीय स्कूल कॉलेज और शासकीय कार्यालय में कामकाज प्रभावित होता है। जिसे ध्यान में रखते हुए कलेक्ट्रेट परिसर के 100 मीटर की परिधि में तीव्र संगीत और ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग प्रतिबंधित किया गया है। किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय से लेकर प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास तक ध्वनि विस्तार को के प्रयोग उपयोग को पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है। जिससे किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय में पढ़ने वाले छात्र.छात्राओं की पढ़ाई में व्याधा उत्पन्न ना हो। आगे जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि जनपद पंचायत क्षेत्र की काफी संवेदनशील क्षेत्र है जहां 100 मीटर की परिधि में वन मंडल कार्यालय उद्यान एवं वानिकी कार्यालय कनाडा विभाग कार्यालय और न्यायालय परिसर का कुछ हिस्सा आता है ऐसे में उक्त जनपद पंचायत क्षेत्र को भी तीव्र संगीत व ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग क्षेत्र से अलग रखा गया है। इन तीनों स्थानों को वर्तमान में ध्वनि प्रबंधक क्षेत्र घोषित किया गया है आवश्यकता पड़ने पर अन्य स्थानों को भी इस तरह कानफोड़ू ध्वनि विस्तारको के उपयोग से प्रतिबंध किया जाएगा। इन चयनित स्थानों पर प्रतिबंधित ध्वनि विस्तारको का उपयोग करते पाए जाने पर नियमानुसार दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## ग्राम झरना में 27 क्विंटल धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

तहसील तमनार के ग्राम झरना में वासुदेव साव से 27.60 क्विंटल अवैध धान की जप्ती की गई। उक्त जब्ती की कार्रवाई उप निरीक्षक कृषि उपज मंडी समिति घरघोड़ा के कु.केशनी कंवर द्वारा अवैध मण्डी अधिनियम की धारा के तहत की गई है।

ज्ञात हो कि जिले में 1 नवम्बर से धान खरीदी की शुरूआत की गई है। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने जिले में अन्य राज्यों से अवैध रूप से धान की आवक रोकने एवं कड़ी निगरानी के निर्देश दिए हुए है। जिसके तहत जिले से लगे अन्य राज्यों के सीमावर्ती क्षेत्रों में लगातार निगरानी सहित चेक पोस्ट के माध्यम से जांच की जा रही है। इसी कड़ी में तहसील तमनार के ग्राम झरना निवासी



वासुदेव साव से धान के अवैध परिवहन करते पाये जाने पर मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए 69 बोरी भरती 40 किलो ग्राम मात्रा 27.60 क्विंटल धान जब्ती की कार्रवाई की गई।

## पत्नी ने की आत्महत्या, पति गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कोतरारोड़ पुलिस ने महिला के फांसी लगाकर आत्महत्या के मामले में मर्ग जांच पर महिला को आत्महत्या के लिए उकसाने वाले उसके पति को गिरफ्तार कर रिमांड बाद जेल भेजा गया है।

बीते अक्टूबर माह में ग्राम नंदेली की महिला हेमलता यादव 22 वर्ष द्वारा घर से बिना बताये निकल कर गांव के बाहर बबूल पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। घटना के संबंध में मृतिका का पति जयलाल सारथी निवासी नंदेली थाना कोतरारोड़ के द्वारा 19 अक्टूबर को थाना कोतरारोड़ में रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी पत्नि मृतिका हेमलता यादव निवासी अमलडीहा के साथ 06 माह पहले प्रेम संबंध होने से प्रेम विवाह कर पत्नि बनाकर अपने साथ घर में रखा था। 02 महीने पहले हेमलता यादव का तबियत खराब होने से अस्पताल में भर्ती करवाकर ईलाज करवायाए पत्नि हेमलता कुछ दिन मायके में रहने कहने पर ससुराल अमलडिहा छोड़कर आया था। रक्षाबंधन के दिन हेमलता वापस नंदेली उसके आ गई थी। 18 नवंबर की रात्रि हेमलता नाराज हो घर से कहीं चली गई, दूसरे दिन 19 नवंबर को गाँव के महतमुडा खेत के बबूल के पेड़ में फांसी लगा हेमलता यादव का शव मिला। कोतरारोड़ पुलिस द्वारा मर्ग कायम किया गया। मर्ग जांच पंचनामा कार्रवाई नायब तहसीलदार रायगढ़ द्वारा किया गया और गवाहों से पूछताछ कर कथन ली जिसमें गवाह बताए कि मृतिका हेमलता यादव, जयलाल सारथी से प्रेम विवाह की थी। जयलाल सारथी उसे 02 बार पहले भी जहर पीलाया था जिस कारण हेमलता को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जयलाल सारथी की पहली पत्नी से 5 बच्चे हैं 4 की शादी हो चुकी है 1 अविवाहित है। जयलाल सारथी द्वारा हेमलता को झगड़ा मारपीट कर खाना पीना नहीं देता था और एक अन्य युवती को साथ रखूंगा कहता था। इसी कारण हेमलता प्रताडित होकर पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

### नहाने गए युवक की डबरी में डूबने से मौत

**रायगढ।** धरमजयगढ़ के रैरूमाखुर्द के माझी पारा में रहने वाला बिहारी लाल माझी पिता स्व. धनसिंह माझी 34 साल बीते दिवस नहाने के लिए बुडग़ा आमा डबरी गया था। घण्टेभर से अधिक समय गुजरने के बाद भी बिहारी की घरवापसी नहीं होने पर फिक्रमंद परिजनों ने उसकी खोजबीन भी की लेकिन वह नहीं मिला। ऐसे में गांववालों ने डबरी में उतर कर पतासाजी की तो वह मिला जरूर पर बेसुध हालत में बिहारी को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए तो चिकित्सकों ने प्रारंभिक परीक्षण में ही उसे मृत घोषित कर दिया। माना जा रहा है कि नहाने के दौरान डबरी में समाने से उसकी जान गई है। फिलहाल मृतक की बेवा बसंती माझी की सूचना पर मर्ग कायम करते हुए पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।







